मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-173
05/06/2019

समाज में आपसी भाईचारा, शांति, सद्भाव एवं प्रेम का माहौल बना रहे :– मुख्यमंत्री

पटना, 05 जून 2019 :– ईद–उल–फितर के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गॉधी मैदान पहुँचकर इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया एवं उन्हें ईद की मुबारकबाद पेश की। इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी ने मुख्यमंत्री को भी ईद की मुबारकबाद दी तथा बिहार के सुख, समृद्धि, प्रगति एवं विकास की कामना की।

इससे पूर्व इदैन कमिटी के सदर महमूद आलम ने मुख्यमंत्री को टोपी पहनाकर एवं साफा पेश कर उनकी इज्जत अफजाई की। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने तमाम नमाजियों सहित मुस्लिम भाई–बहनों एवं बिहारवासियों तथा देशवासियों को ईद की मुबारकबाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से गले मिलकर एवं हाथ मिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्चों को सेवई खिलाकर मुंह मीठा कराया और खुद भी सेवई खायी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद के इस मौके पर बिहारवासियों, देशवासियों और सभी इस्लाम धर्म के मानने वालों को शुभकामनायें देता हूँ। हम सब ये दुआ करते हैं कि समाज में प्रेम, भाईचारा, सद्भाव और आपस में एकता का माहौल बना रहे। समाज में लोग एक दूसरे का सम्मान करेंगे तो उससे समाज, प्रदेश और देश आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर हम सब दुआ करें कि बिहार में जो सूखे की आशंका है, उसके लिए समय पर उपयुक्त वर्षा हो जाय। बिहार में जो कुछ भी कमी हो इसके लिए हम सब मिलकर काम करें ऐसी हमारी सबसे प्रार्थना भी है। उन्होंने कहा कि समाज में एक दूसरे के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग बंद होना चाहिये, एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव विकसित हो। लोग किसी धर्म को भी अपनायें, दूसरे धर्मों का भी सम्मान करें। सभी धर्मों का यही संदेश है कि आप अपना काम प्रेम से करें और एक दूसरे के प्रति सम्मान और इज्जत का भाव रखें। अगर कोई इधर–उधर की बात सोचता है तो उसकी धर्म के प्रति आस्था नहीं है। वह धार्मिक व्यक्ति नहीं है, वह धर्म को बदनाम करना चाहता है। किसी व्यक्ति के बारे में हम कोई टिप्पणी नहीं करते हैं। कुछ लोग ऐसी बात बोलते रहते हैं कि उस पर प्रतिक्रिया हो और उसे मीडिया में जगह मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से मेरे मन में यही भावना रही है कि हम सबलोगों के साथ एक समान भाव से रहें। आप सबको मालूम है कि हम वर्ष 2006 से ईद के मौके पर हमेशा गांधी मैदान आकर शुभकामनायें देते हैं। हम सभी धर्मों के पवित्र अवसर पर उनके मानने वालों को शुभकामनायें देते हैं।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने खानकाह–मुजीबिया फुलवारीशरीफ के सज्जादानशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें लीं। राज्य में अमन, शांति, चैन, तथा भाईचारे के बीच राज्य तरक्की की राह पर आगे बढ़ता रहे, इसके लिए दुआ करने का आग्रह किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे यहाँ आने का 15वां वर्ष है। हम यही चाहते हैं कि समाज में प्रेम, सद्भाव का माहौल हो, लोग एक दूसरे की इज्जत करें। इससे समाज और मजबूत होता है।

ईद–उल–फितर के अवसर पर मुख्यमंत्री ने इमारत–ए–शरीया जाकर लोगों को ईद की बधाई दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने एदार–ए–शरीया सुल्तानगंज जाकर उपस्थित लोगों को ईद की मुबारकवाद दी। एदार–ए–शरीया के महासचिव हाजी एस0एम0 सनाउल्लाह ने मुख्यमंत्री को टोपी एवं साफा पहनाया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने खानकाह बारगाहे इश्क तकिया शरीफ तथा मितन घाट खानकाह मुनिमिया जाकर चादरपोशी की तथा राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की दुआ मॉगी।

******